शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे

### आपका रोडमैप पर सेमिनार आयोजित

# शेयर बाजार की कार्यप्रणाली की मूल अवधारणा को समझना आवश्यक : सोनिया नंगावत



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जीतो चैप्टर बेंगलूरु नॉर्थ के अंतर्गत जीतो महिला विंग द्वारा राष्ट्रीय प्रोजेक्ट सेंटर फॉर एक्सिलेंस के तहत विषय- बेसिक्स टू ब्रिलियंस-स्टॉक मार्केट में सफलता के लिए आपका रोडमैप पर सेमिनार जीतो ऑफिस राजाजीनगर में अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी के नेतृत्व में आयोजित हुई। सेमिनार के मुख्य बिन्दु - शेयर बाजार की कार्यप्रणाली की मूल अवधारणा को समझना, विभिन्न प्रमुख खिलाड़ियों और उनकी भूमिकाओं को समझना, शेयरों में निवेश के लाभ और जोखिम को समझना, एक विविध पोर्टफोलियो बनाना, दीर्घकालिक सोच के महत्व को समझना आदि शामिल था। इन सभी बिंदुओं पर प्रशिक्षण देते हुए मुख्य प्रशिक्षक गोल्ड मैडलिस्ट सोनिया नंगावत ने कहा कि शेयर बाजार ऐसा क्षेत्र है जो सभी के लिए है, लेकिन वास्तविक धन के साथ इसे शुरू करना कठिन हो सकता है। इसलिए, मूलभूत जानकारी को समझना बेहद महत्वपूर्ण है। एक मजबूत नींव मजबूत परिणाम ला सकती है। यदि आप अपने बुनियादी सिद्धांतों को मजबूत कर लेते हैं, तो आप सभी अवधारण-ाओं को आसानी से समझ सकते हैं। वित्त क्षेत्र की विशेषज्ञ, सोनिया जो कि वित्तीय दुनिया में विशेषज्ञ हैं और सभी चीजों में विशेषज्ञता रखती हैं, ने इसे सदस्यों के लिए आसान बना दिया। उन्होंने बहुत से व्यावहारिक और वास्तविक जीवन के उदाहरण साझा किए। सेमिनार के दौरान, उन्होंने सदस्यों की आगाह करते हुए कहा कि शुरुआती निवेशकों के लिए सभी महत्वपूर्ण जानकारियों को सरल और विस्तृत तरीके से समझना होगा, ताकि उनका हर कदम उनके लिए सही हो। इसके अलावा, सोनिया ने पीपीटी के माध्यम से म्यूचुअल फंड्स पर भी जानकारी दी और छोटे से निवेश से शुरुआत कैसे करें, इस पर भी चर्चा की। अपने कॉलेज के दिनों में गोल्ड मेडलिस्ट रही सोनिया विभिन्न बिजनेस कॉलेजों में प्रोफेसर हैं, शेयर बाजार के प्रति काफी अच्छा रुझान रखती है। उनके प्रशिक्षण ने सभी सदस्यों में जिज्ञासा जगा दी और इसके अग्रिम सेमिनार की माँग की। सेमिनार का शुभारंभ नवकार मंत्र से हुआ। अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। कार्यसमिति सदस्य मीना बड़ेरा, सोमना सिसोदिया, संगीता नाग-ोरी ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। सह-संयोजिका नीतू जैन ने प्रशिक्षक का शानदार परिचय दिया। प्रशिक्षक का जीतो द्वारा सम्मान किया गया। जीतो महिला विंग सदस्यों में मोनिका जैन, दीपू मांडोत, जीनल कापसी, प्रिया भंडारी, विनीता मरलेचा, विनीता मांडोत, श्वेता जैन, इंद्रा रांका, रिया जैन, रितु संचेती, अनीता जैन, मीता जैन ने अपने-अपने विचार रखे। संयोजिका संगीता बैताला ने सफल संचालन किया। सहमंत्री पिंकी मेहता ने धन्यवाद दिया और राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।


# विद्यार्थियों के स्वागत के लिए समारोह आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री हिंदी शिक्षण संघ द्वारा संचालित संस्था एसएमजी एच महाविद्यालय इंदिरा नगर में शुक्रवार को प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष पीयू का सत्र प्रारंभ हुआ। जिसके उपलक्ष में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ व्याख्याता राजगुरु के वंदना से हुआ। तदु-परांत संघ महामंत्री शांतिलाल चोपड़ा, कोषाध्यक्ष इंद्र चंद भंसाली, डायरेक्टर अनिल भंसाली, सीईओ डॉक्टर बेंकट रायडू, पीयू प्रिंसिपल वाणी एच एवं डिग्री प्रिंसिपल सुधारानी तथा मुख्य अतिथि इसरो वैज्ञानिक पी जी सुधाकर ने दीप प्रज्वलन किया।

मुख्य अतिथि ने इसरो से संबंधित जानकारियां प्रस्तुत किए एवं बच्चों को विज्ञान की ओर अग्रसर होने के लिए उत्साहित किया। अनिल भंसाली ने बच्चों को मैनेजमेंट की ओर से हर तरह की सुविधा प्रदान करने का वादा किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई बच्चा पैसा के कारण पढ़ाई नहीं कर रहा है तो संस्था उसकी मदद करेगा। सीईओ ने बच्चों को 5.0 एजुकेशन से संबंधित जानकारियां प्रदान किया। महामंत्री शांतिलाल चोपड़ा ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। प्राचार्य वाणी एच ने महाविद्यालय के नियम कानून से अवगत कराया तथा सुधारानी ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# टीपीएफ का 15वां स्थापना दिवस मनाया



**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।** मुनिश्री मोहोजित कुमार जी के सानिध्य में हासन तेरापंथ सभा भवन में शनिवार को टीपीएफ का 15वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुनिजी ने कहा यह संगठन बुद्धिजीवी के साथ संघ के प्रति वफादार और अपने दायित्व के प्रति जागरुक है। इस फोरम से जुड़े प्रत्येक सदस्य को तेरापंथ दर्शन, आध्यात्म और जीवन व्यवहार के धर्म को समझकर गतिमान होना चाहिए। मुनि जयेश कुमार ने कहा कि संघ और संघपति के प्रति आस्था की संघनता के साथ अपने कर्तव्य और वक्तित्व के प्रति सजग रहने का प्रयास करना चाहिए। टीपीएफ अध्यक्ष भारत भंसाली ने सभी का स्वागत करते हुए टीपीएफ की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। मंत्री पूजा कोठरी ने संचालन किया। कोषाध्यक्ष मुकेश सुराणा ने शिक्षा सहयोग एवं डॉक्टर जयंतीलाल कोठरी ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। सुरेश तातेड़ को सक्रिय सदस्य के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शरत भंसाली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सरकारी विद्यालय में लगाया शुद्ध जल शोधक



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु स्टार्स ने राष्ट्रीय कार्यक्रम अमृतधारा के तहत एक और जल शोधक का उद्घाटन शहर से 135 किमी दूर ग्रामीण इलाके में स्थित किरगुसुरु सरकारी विद्यालय में किया।

शाखा अध्यक्ष राहुल गोयनका के कहे अनुसार शुद्ध जल के उद्देश्य से शुरू हुई यह परियोजना 150 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। 120 लीटर क्षमता के जल शोधक यंत्र का लाभ विद्यार्थी कई वर्षों तक उठा पाएंगे क्योंकि मायुम स्टार्स ने शोधक यंत्र का नियमित निरीक्षण और रखरखाव की जिम्मेदारी भी ली है। शाखा उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल के अथक प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्र में इतने कम समय में जल शोधक स्थापित हो पाया है। जल शोधक का उद्घाटन शाखा अध्यक्ष के साथ साथ निदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम आयुष अग्रवाला, अमृतधारा संयोजक वरुण गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवानंद, स्थानीय समाजसेवी घनश्याम दास के करकमलों से हुआ। विद्यालय परिसर को मिले नियमित शुद्ध जल के उपहार की खुशी को छात्रों के साथ साझा करने के लिए मायुम स्टार्स के सदस्यों ने उनमें स्नैक्स वितरित किये और छात्रों के साथ कुछ समय बिताया।



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** *प्रेस्टीज वेस्टवुड्स संगठन गोपालपुरा की प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बेंगलूरु सेंट्रल के पुनः निर्वाचित सांसद पीसी मोहन से मुलाकात कर उन्हें जीत पर बधाई दी। इस मौके पर अध्यक्ष उदय शेट्टी, सचिव सतीश, कोषाध्यक मनोहर हजारे, निदेशक अश्विन सेमलानी, सदस्य नरेश अग्रवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।*



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** *वर्धन विजन स्पोर्ट्स क्लब राजराजेश्वरी नगर द्वारा बैडमिंटन स्पर्धा वर्धन विजन कप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा खेल व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। अभिभावकों को चाहिए कि वह अपने बच्चों को खेलने के लिए समय दें। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।*



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** *अपने दूसरे वर्ष के एकल- मेला शॉपिंग कार्निवल की तैयारियों में महिला कमेटी की सदस्याएं तन मन धन से जुटी हैं। आगामी 22 जून को माहेश्वरी भवन में सुबह 10.30 से रात 8 बजे तक एकल मेले की धूम रहेगी। प्रदर्शनी में वोकल फॉर लोकल के अन्तर्गत महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल्स सबसे अधिक मात्रा में रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध स्टार्टअप फ्रेश मेनू की संस्थापक सफल महिला एंटरप्रेन्योर रश्मि डागा मौजूद होंगी। आगंतुकों के लिए हर घंटे लकी ड्रा रहेगा और बच्चों के लिए गेम स्टाल लगेगा।*



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** *श्रीरामपुरम जैन नवयुवक मंडल के पदाधिकारियों ने भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के निवास स्थान पर उनसे मुलाकात कर सम्मानित किया। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष पवन सुखलेचा, उपाध्यक्ष संदीप छल्लाणी, मंडल के मार्गदर्शक कांतिलाल गुगलिया एवं दिनेश खिवेंसरा, भाजपा नेता इन्द्रकुमार नाहर, बाबुलाल मेहता, पूर्व पार्षद कविता जैन, रूप कुम्बट, अरुण लुणावत एवं महेश उपस्थित रहे। सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि जैन समाज ने हमेशा मेरा साथ दिया है। मानव सेवा एवं जीव दया कार्य में सब से आगे समाज रहता है।*

## कृष्णा, कावेरी जल विवाद का संसद में समाधान निकालने का करेंगे प्रयास: बोम्मई



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद बसवराज बोम्मई ने कहा कि मैं संसद में कर्नाटक की कृष्णा और कावेरी सिंचाई परियोजनाओं के अंतरराज्यीय जल विवादों का समाधान खोजने का प्रयास करूंगा। संसद में कन्नडिगाओं के पक्ष में आवाज उठाएंगे। हावेरी गदग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सांसद के रूप में चुने जाने के बाद, उन्होंने शिगगांव निर्वाचन क्षेत्र के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद कहा भले ही मैं संसद सदस्य के रूप में चुना गया और दिल्ली गया, लेकिन मैं कर्नाटक की राजनीति में सक्रिय रहूंगा। उन्होंने कहा कि हमारे वरिष्ठों ने इसी कारण से कुछ निर्णय लिया है। राज्य सरकार को भद्रा अपर बैंक परियोजना हेतु केन्द्रीय अनुदान प्राप्त करने हेतु नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे राज्य और केंद्र सरकार के मंत्रियों से बात कर 5000 करोड़ रुपये के बजट में भद्रा अपर बैंक परियोजना के लिए धन आवंटित कराने का प्रयास करेंगे। हमने भद्रा अपर बैंक परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली हैं। अभी तक केंद्र सरकार ने किसी भी योजना को राष्ट्रीय योजना घोषित नहीं किया है। लेकिन, हमारी जिद के कारण इस प्रोजेक्ट के लिए विशेष रूप से 5000 करोड़ रुपये देने का वादा किया गया था। हावेरी लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित होने के बाद मैंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। मैं शिगगांव निर्वाचन क्षेत्र के लोगों का आभारी हूं। उन्होंने कहा कि आगे के विकास के लिए वह पहले ही सीएम सिद्धरामैया से बात कर चुके हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विपक्ष के नेता. अशोक उपस्थित थे।

### 28 को प्रदेश भर में बड़े संघर्ष की योजना

# निगम के 187 करोड़ के बड़े घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री को देना चाहिए इस्तीफा: श्रीरामुलु



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के पूर्व मंत्री बी श्रीरामुलु ने मांग की कि वाल्मीकि निगम के 187 करोड़ के बड़े घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। मल्लेश्वरम में भाजपा के प्रदेश कार्यालय जगन्नाथ भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने घोषणा की कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र के नेतृत्व में हुई बैठक में आने वाले दिनों में भाजपा की ओर से राज्य भर में लड़ने का फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि 28 तारीख को सभी जिलों और तालुक स्तरों पर एक बड़ा संघर्ष आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सिद्धरामैया, जो वित्त मंत्री भी हैं, जो 14 से अधिक बार वित्त मंत्री रह चुके हैं, के ध्यान के बिना इतनी बड़ी राशि अन्यत्र कैसे स्थानांतरित की जा सकती है? इसलिए इस घोटाले में सिद्धरामैया पर संदेह आ रहा है। सिद्धरामैया की सरकार आने के बाद वाल्मीकि विकास निगम में चन्द्रशेखर नाम के एक निर्दोष अधिकारी ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि डेथ नोट में उन्होंने लिखा है कि मंत्री के मौखिक आदेश पर 187 करोड़ रुपये का दुरुपयोग किया गया है। सरकारों को अनुसूचित जाति समुदायों के कल्याण, बच्चों के भविष्य के लिए बुनियादी ढांचे, भूमि स्वामित्व, प्रत्यक्ष ऋण, एससी और एसटी के लिए उच्च शिक्षा सहित 24 प्रतिशत धन आवंटित करना होगा। हालाँकि, उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई कि कांग्रेस सरकार ने पिछले साल इस समुदाय की समृद्धि के लिए निर्धारित लगभग 11 हजार करोड़ की राशि स्थानांतरित करके उनके साथ अन्याय किया था।

इस साल 14 हजार करोड़ रुपये अन्यत्र ट्रांसफर किये गये हैं। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने 2 साल में दलितों के 25 हजार करोड़ रुपये का दुरुपयोग किया है। उन्होंने बेल्लारी की एक खनन कंपनी से पैसा निकाला है। क्या मुख्यमंत्री को जानकारी दिए बिना ऐसा हुआ? उन्होंने कहा लोग पूछ रहे हैं कि क्या वित्त विभाग इस भ्रष्टाचार घोटाले में शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि समुदाय को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए धन का बंदरबांट कर अन्याय कर रही है। सुबह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र के नेतृत्व में समुदाय के नेताओं, विधायकों और पूर्व विधायकों की बैठक हुई।

उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति वाल्मीकि समाज के सभी जिलों के नेताओं ने भाग लिया। वहां कुछ फैसले किये गये हैं। उन्होंने बताया कि एससी और एसटी समुदाय के लिए एक अलग मंत्री-मंत्रालय की मांग थी और इस संबंध में पहली बैठक तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के नेतृत्व में हुई थी और मुझे पहला मंत्री बनाया गया था। साथ ही आरक्षण को बढ़ाकर 7 फीसदी कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण बढ़ाकर 17 प्रतिशत कर दिया गया है। राज्य के मुख्य सचिव पी. राजीव, विधान परिषद सदस्य हेमलता नाइक, पूर्व विधायक प्रताप गौड़ा पाटिल, भाजपा एस.टी. मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बंगारू हनुमंतु और पार्टी नेता रामचंद्र उपस्थित थे।

# कर्नाटक सरकार ने पेट्रोल, डीजल पर उपकर बढ़ाया



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उपकर बढ़ाने की घोषणा की है, जिससे ईंधन की कीमतों में वृद्धि होगी। पेट्रोल की कीमत में औसतन 3 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में 3.5 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि होगी। सरकार की गारंटी योजनाओं के वित्तीय प्रभावों को प्रबंधित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। शनिवार से तुरंत प्रभावी नई दरें पूरे राज्य के उपभोक्ताओं को प्रभावित करेंगी। उडुपी में पेट्रोल की मौजूदा कीमत 99.53 रुपये प्रति लीटर है, जो अब बढ़कर 102.55 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। इसी तरह, डीजल की कीमत 85.62 रुपये से बढ़कर 88.61 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी।



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** *जैन श्री संघ बेंगलूरु के पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा कर्नाटक के महासचिव इन्द्रचंद नाहर के नेतृत्व में सांसद तेजस्वी सूर्या से उनके निवास स्थल पर शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बेंगलूरु दक्षिण क्षेत्र से विजयी होने पर हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर पूर्व पार्षद बाबूभाई मेहता, श्री अखिल भारतीय मूर्ति पूजक युवक महासंघ के अध्यक्ष कैलाश संखलेचा, अरुण लुणावत, फुटरमल दांतेवाडिया, महेश जैन एवं पूर्व पार्षद कविता जैन आदि उपस्थित थे।*

# हमने प्रतिशोध की राजनीति नहीं की यह भाजपा का काम: सिद्धरामैया

### केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहे

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने शनिवार को एक बार फिर दो-हराया कि हमने कभी प्रतिशोध की राजनीति नहीं की, हम ऐसा नहीं कर रहे हैं और न ही करेंगे। केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कि सिद्धरामैया एच डी देवेगौड़ा के परिवार (प्रज्वल रेवन्ना पर केस) को निशाना बनाने के बाद बी एस येदियुरप्पा को निशाना बना रहे हैं, उन्होंने कहा प्रतिशोध की राजनीति भाजपा का काम है। मेरे, डीसीएम डी के शिवकुमार और एआईसीसी नेता राहुल गांधी के खिलाफ उन्होंने जो केस दर्ज किए हैं, उन्हें हम क्या कहें। उन्होंने राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया। वे ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया। क्या हमें इसे प्रतिशोध की राजनीति कहना चाहिए या प्रेम की राजनीति? उनकी प्रतिशोध की राजनीति के कारण ही लोगों ने भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं दिया। दक्षिण भारत से आठ सांसदों को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने के बारे में सीएम सिद्धरामैया ने कहा वे चाहे कुछ भी करें, दक्षिण भारत के लोग भाजपा का समर्थन नहीं करेंगे। क्योंकि यह आरएसएस की मूल पार्टी और आरएसएस का राजनीतिक मुखौटा है। संसदीय चुनाव में उन्हें उत्तर प्रदेश और मुंबई में भी अच्छे नतीजे नहीं मिले। उनके अपने आरएसएस नेता ने कहा है कि लोगों ने उन्हें उनके अहंकार के लिए सबक सिखाया है।



सिद्धरामैया ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने सूखा राहत कोष का अधिकांश हिस्सा जारी कर दिया है और वे शेष राशि भी जारी कर देंगे। उन्होंने यहां तक कहा कि वे जल्द ही जिला परिषद, टीपी और अन्य स्थानीय निकाय चुनाव कराएंगे। नीट मुद्दे के बारे में उन्होंने कहा कड़ी मेहनत करने वाले छात्रों के साथ अन्याय हुआ है। ग्रेस मार्क्स देना अच्छी प्रथा नहीं है। इस बारे में जांच होनी चाहिए और दोबारा परीक्षा भी होनी चाहिए। छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की ऊपरी सीमा 6 लाख रुपये तक सीमित करने और अंकों के स्लैब को 65 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वे संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे। मेडिकल शिक्षा शुल्क में 10 प्रतिशत की वृद्धि के बारे में उन्होंने कहा यह वृद्धि अभी नहीं की जा रही है, यह बहुत पहले किया गया था। हम अधिकारियों के साथ इस पर चर्चा करेंगे।

### शिवकुमार ने भी किया था पलटवार

इससे पहले केपीसीसी अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को पलटवार करते हुए कहा था कि कांग्रेस किसी के खिलाफ नफरत की राजनीति नहीं करती। भाजपा ने नफरत की राजनीति के कारण हमारे खिलाफ मामला दर्ज किया है और हमें अदालत में जाने के लिए मजबूर किया है। बीबीएमपी द्वारा कब्बन पार्क में आयोजित पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में उन्होंने कहा अगर मैं नफरत की राजनीति के बारे में बात करना शुरू कर दूं तो यह हर जगह जाएगी। मैं इसका दर्द जानता हूं। उन्होंने कहा कि मैंने अनुभव किया है। भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है। पिछली सरकार के भ्रष्टाचार का विज्ञापन करने के लिए हमारे खिलाफ मुकदमा दायर किया गया। हम इसका सामना करेंगे। लेकिन क्या राहुल गांधी को बीच में लाना सही था। क्या बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र के पास सामान्य ज्ञान नहीं था? उनकी पार्टी के एमएलसी ने क्यों दर्ज कराया केस? कांग्रेस नफरत की राजनीति नहीं करती। राहुल गांधी की अपनी समस्याएं हैं। उन्हें येदियुरप्पा के मामले में अपनी नाक घुसाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नफरत पैदा करने की ओछी राजनीति नहीं करेगी।

# 17 जून को पूछताछ के लिए सीआईडी के समक्ष होंगे पेश: येदियुरप्पा

## कुछ लोगों ने अनावश्यक रूप से भ्रम पैदा करने की कोशिश की

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
वरिष्ठ भाजपा नेता बी एस येदियुरप्पा ने शनिवार को कहा कि वह अपने खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले के संबंध में पूछताछ के लिए 17 जून को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के समक्ष पेश होंगे। शहर में आने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग उनके खिलाफ षड्यंत्र रचने वालों को सबक सिखाएंगे। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सीआईडी को पॉक्सो मामले के संबंध में येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने से रोक दिया। साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता को मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने का निर्देश दिया। येदियुरप्पा ने कहा मैं पहले से तय कार्यक्रम के लिए दिल्ली गया था। मैंने पहले ही लिखित में सूचित कर दिया था कि मैं 17 जून को जांच के लिए पेश होऊंगा। उच्च न्यायालय ने सीआईडी को (गिरफ्तारी से) रोकने का आदेश दिया है। मैं सोमवार को जांच के लिए पेश हो रहा हूं। कुछ लोगों ने अनावश्यक रूप से भ्रम पैदा करने की कोशिश की, मैं किसी को दोष नहीं देना चाहता, हर कोई तथ्य जानता है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने



कहा लोग साजिश रचने वालों को सबक सिखाएंगे। गुरुवार को यहां की एक अदालत ने इस साल 14 मार्च को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत उनके खिलाफ दर्ज मामले में येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सीआईडी की विशेष जांच टीम ने बुधवार को पूछताछ के लिए पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की मांग करते हुए फर्स्ट फास्ट ट्रैक कोर्ट का रुख किया था। पुलिस के अनुसार, येदियुरप्पा पर पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 अ (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह मामला 17 वर्षीय लड़की की मां की शिकायत पर दर्ज किया गया है, जिसने आरोप लगाया था कि इस साल 2 फरवरी को यहां डॉलर्स कॉलोनी में अपने आवास पर एक बैठक के दौरान उन्होंने उसकी बेटी से छेड़छाड़ की। येदियुरप्पा ने आरोप से इनकार कर कहा कि वह कानूनी रूप से मामला लड़ेंगे। उन्होंने अग्रिम जमानत और एफआईआर रद्द करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। येदियुरप्पा के खिलाफ आरोप लगाने वाली पीड़िता की मां की पिछले महीने यहां एक निजी अस्पताल में फेफड़ों के कैंसर के कारण मौत हो गई थी। इस सप्ताह की शुरुआत में पीड़िता के भाई ने अदालत का रुख कर आरोप लगाया था कि 14 मार्च को मामला दर्ज होने के बावजूद जांच में कोई प्रगति नहीं हुई है। याचिकाकर्ता ने अदालत से पुलिस को येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने और उनसे पूछताछ करने का निर्देश देने की मांग की। सदाशिवनगर पुलिस द्वारा मार्च में मामला दर्ज किए जाने के बाद, कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने आगे की जांच के लिए इसे सीआईडी को सौंपने का आदेश जारी किया था। अप्रैल में सीआईडी ने येदियुरप्पा को कार्यालय में तलब करने के बाद उनकी आवाज का नमूना एकत्र किया था।

# सीटी रवि ने बोलियार की घटना को लेकर पुलिस कमिश्नर व यू टी खादर की आलोचना की

## राष्ट्र विरोधी तत्वों को पनाह देने का आरोप लगाया

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
भाजपा नेता और एमएलसी सी टी रवि ने बोलियार में हुई घटना से निपटने के लिए यू टी खादर और पुलिस कमिश्नर अनुपम अग्रवाल की आलोचना की। मीडिया को संबोधित करते हुए रवि ने स्थिति पर अपनी निराशा व्यक्त की, जिसमें कुछ व्यक्तियों द्वारा नरेंद्र मोदी की जीत का जश्न 'भारत माता की जय' जैसे नारे लगाकर मनाने के बाद झड़पें शामिल थीं। सी टी रवि ने घटना में घायल हुए हरीश और नंदन से मिलने के लिए अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने दावा किया कि हिंसा इसलिए शुरू हुई क्योंकि अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों ने जश्न मनाने पर आपत्ति जताई।

रवि ने यू टी खादर के निर्वाचन क्षेत्र पर राष्ट्र विरोधी तत्वों को पनाह देने का आरोप लगाया और अधिकारियों से इन मुद्दों की पहचान करने और उनका समाधान करने का आग्रह किया। रवि ने पुलिस कमिश्नर अग्रवाल की आलोचना की, उनके कार्यों पर सवाल उठाया और पाकिस्तान समर्थक पूर्वाग्रह का सुझाव दिया,



जिसे उन्होंने एक आईपीएस अधिकारी के रूप में अग्रवाल की भूमिका को देखते हुए चिंताजनक पाया। रवि ने जांच पूरी करने और पीड़ितों हरीश अंचन और नंदन कुमार का समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आपराधिक और सांप्रदायिक गतिविधियों पर लगाम लगाने में कथित विफलता के लिए कांग्रेस सरकार की निंदा की और कुछ समूहों के खिलाफ मामलों को वापस लेने सहित विभिन्न घटनाओं से निपटने के उनके तरीके की आलोचना की। रवि ने उन लोगों के खिलाफ और अधिक निर्णायक कार्रवाई करने का आह्वान किया जिन्हें वे राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा मानते हैं और उन्होंने कांग्रेस पार्टी की तुष्टिकरण की राजनीति की आलोचना की। पुलिस आयुक्त की कार्रवाई और भाजपा के रुख के बारे में पूछे जाने पर, रवि ने पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व को दोहराया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नारों के माध्यम से देशभक्ति व्यक्त करने से ऐसी गंभीर प्रतिक्रियाएं नहीं होनी चाहिए और सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वालों को हटाने का आह्वान किया। उन्होंने आरएसएस नेताओं के बयानों के बारे में भी स्पष्ट किया कि भाजपा आरएसएस के मार्गदर्शन को महत्व देती है और विकास और वृद्धि पर केंद्रित है। उन्होंने हाल के चुनावों में भाजपा की सफलता पर प्रकाश डाला, और इसकी तुलना कांग्रेस के घटते प्रभाव से की। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष सतीश कुम्पाला, सांसद कैप्टन बृजेश चौटा, विधायक वेदव्यास कामथ और डॉ. भरत शेट्टी, एमएलसी प्रतापसिंह नायक, नितिन कुमार, किशोर, वसंत, नंदन माल्या, जगदीश शेनॉय और अन्य उपस्थित थे।

# गिरफ्तारी के जाल से बच निकले येदियुरप्पा के अगले कदम को लेकर उत्सुकता बढ़ी

### भाजपा के प्रदेश नेता उनके समर्थन में

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
मौजूदा अराजकता की लहर से बचे पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के अगले राजनीतिक कदम ने सार्वजनिक क्षेत्र में बहस का रास्ता दे दिया है। हाईकोर्ट ने सीआईडी को नाबालिग लड़की से यौन उत्पीड़न के आरोपी बीएसवाई को अगली सुनवाई तक गिरफ्तार नहीं करने का निर्देश दिया है। अब यह दिलचस्प है कि कोर्ट के आदेश से राहत की सांस लेने वाले येदियुरप्पा अपने खिलाफ चल रही राजनीतिक साजिश के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे या नहीं। जो लोग चार दशकों से उनकी राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं, वे जानते हैं कि येदियुरप्पा कोई निष्क्रिय व्यक्ति नहीं हैं।

खास बात यह है कि इस मामले में उल्टे-सीधे आरोप सुनने पर जब भाजपा के प्रदेश नेता उनके समर्थन में आ गए, तो लोकसभा चुनाव में अपने बेटे के



भाजपा का टिकट कटने से नाराज होकर येदियुरप्पा परिवार के खिलाफ खुलकर बोलने वाले पूर्व मंत्री के.एस. ईश्वरप्पा ने बीएसवाई का भी बचाव किया। अहम बात यह है कि उन्होंने इस मामले को राजनीति के लिए इस्तेमाल करने का छोटापन नहीं दिखाया। सरकारी प्रशासन, नीति निर्माण और कांग्रेस पार्टी के रुख को लेकर मुख्यमंत्री सिद्धरामैया और येदियुरप्पा के बीच कई मौकों पर तीखी बहस हो चुकी है। लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर, उनके बीच एक दोस्ती और रिश्ता है जो दलगत राजनीति से परे है। अब यह कोई रहस्य नहीं है कि उन्होंने राजनीति की विभिन्न स्थितियों में एक-दूसरे की मदद की है। इससे कांग्रेस में सिद्धरामैया विरोधी गुट नाराज है।

क्या इस मामले में यह राजनीतिक है? क्या पूरे मामले के पीछे कोई राजनीतिक साजिश है जैसा कि भाजपा नेता आरोप लगा रहे हैं? यदि हां, तो किससे? इस सवाल का जवाब जरूरी है। अगर इस मामले में येदियुरप्पा को गिरफ्तार किया गया तो भाजपा को राज्य स्तर पर शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ेगा। लेकिन फिलहाल पार्टी ऐसी संकट की स्थिति से बच गई है। चूंकि पूरा मामला हाईकोर्ट में है, इसलिए सुनवाई शुरू होने के बाद कई तथ्य सामने आ सकते हैं। लेकिन इस मामले में, जब लोकसभा चुनाव से पहले शिकायत दर्ज की गई, तो राज्य सरकार ने कोई कार्रवाई किए बिना इंतजार करने और देखने का फैसला किया। स्वयं गृह मंत्री डॉ. परमेश्वर के बयान से ही पता चला कि सरकार ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया है। तथ्य यह है कि येदियुरप्पा एक प्रभावशाली राजनीतिक नेता हैं, यही एक कारण है कि चुनाव के दौरान शिकायत मिलने पर सरकार मामले की जांच करने से झिझक रही थी, लेकिन सरकार ने इस संभावना को भी पहचाना कि कोई अन्य भाजपा इस मामले का इस्तेमाल चुनावी राजनीति के लिए कर सकती है। इसी कारण कार्रवाई में देरी हुई। लेकिन चुनाव खत्म होने और नतीजे आने के बाद अब ये आशंकाएं सिर उठाने लगी हैं कि सरकार की अचानक तेजी के पीछे राजनीतिक प्रभाव था। यदि हां, तो वे कौन प्रभावशाली नेता थे जिन्होंने इस तरह का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की?

### उनका अगला कदम दिलचस्प

राजनीतिक गलियारों में ऐसी अफवाहें सुनने को मिल रही हैं कि येदियुरप्पा मामले को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को ही मुसीबत में डालने की योजना है। फिलहाल येदियुरप्पा गिरफ्तारी के खतरे से बचे हुए हैं। आज के राजनीतिक परिदृश्य में उनका अगला कदम दिलचस्प है। इस के लिए एक कारण है। हालांकि वह भाजपा के प्रभावशाली नेता हैं, लेकिन इस बार हुए लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर उनकी बातों पर भाजपा नेताओं ने पूरी तरह गौर नहीं किया। तुमकुरु और चिक्कबल्लापुर सहित कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में, भाजपा उम्मीदवारों के चयन के दौरान आलाकमान ने शब्दों को श्रेय नहीं दिया। नतीजों के बाद भी प्रदेश के कुछ नेताओं द्वारा दिल्ली स्तर पर पार्टी की नाकामियों का ठीकरा उन पर फोड़ने की कोशिशें की गईं।

# मोदी के करीबी बने कुमारस्वामी ने भाजपा में कुछ लोगों को किया नाराज

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
लोकसभा चुनाव होने और नतीजे घोषित होने के तुरंत बाद केंद्र में नरेंद्र मोदी कैबिनेट में मंत्री एचडी कुमारस्वामी को काफी पहचान मिल रही है, जिससे राज्य भाजपा के एक गुट में कथित तौर पर भारी असंतोष है। कुमारस्वामी, जिन्हें केंद्र में कृषि विभाग की उम्मीद थी, को भारी औद्योगिक विभाग दिया गया। एनडीए गठबंधन के दलों में कुमारस्वामी शपथ लेने वाले पहले दल थे। लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद जेडीएस के साथ भाजपा के गठबंधन को कोई खास फायदा नहीं हुआ।

लेकिन इस गठबंधन का फायदा पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी को मिला है, जीत के बाद से पासा पलट रहा है। वी. सोमन्ना, डॉ. सुधाकर और तेजस्वी सूर्या जैसे पूर्व मंत्री जो लोकसभा चुनाव जीते, उनमें से कुछ ने सीधे जेडीएस के निर्विवाद नेता, पूर्व प्रधान मंत्री एचडी देवगौड़ा और कुमार स्वामी से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से तुमकुरु और चिक्कबल्लापुर



निर्वाचन क्षेत्रों से जीतने वाले वी. सोमन्ना और डॉ. सुधाकर ने खुले तौर पर घो-षणा की कि जेडीएस नेतृत्व का समर्थन उनकी जीत का मुख्य कारण था और परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद जेडीएस नेताओं से मुलाकात की, जिससे भाजपा नेता नाराज हो गए। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि ये दोनों नेता दूसरे दलों से भाजपा में आए थे और भाजपा सरकार के दौरान सत्ता का आनंद लिया था। यह कोई रहस्य नहीं है कि पिछले विधानसभा चुनाव में मैसूरु के वरुणा और चामराज नगर निर्वाचन क्षेत्रों से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले सोमन्ना ने वरिष्ठों से शिकायत की थी कि येदियुरप्पा और उनके बेटे और उनके समर्थक उनकी हार के लिए जिम्मेदार थे। अब चुनाव जीतने के बाद सोमन्ना यह भी कह रहे हैं कि उनकी जीत का कारण जेडीएस नेता, कार्यकर्ता और भाजपा नेता हैं, तो ऐसा लग रहा है कि वह येदियुरप्पा और विजयेंद्र पर निशाना साध रहे हैं। इसी प्रकार डॉ. सुधाकर ने भी जवाब दिया। ऐसा लगता है कि राज्य के दो प्रमुख नेता वहां भाजपा के दिल्ली नेताओं के मार्च में शामिल होने में सफल रहे हैं।

नाम न बताने की शर्त पर एक भाजपा नेता मानते हैं कि इस मौके का फायदा उठाकर आने वाले दिनों में येदियुरप्पा को घेरने की कोशिशें शुरू हो गई हैं। वर्तमान घटनाक्रम यह है कि कुमारस्वामी, जो भाजपा में इन घटनाओं से अवगत हैं, उन महत्वपूर्ण नेताओं का विश्वास जीतने की कोशिश कर रहे हैं जो खुद येदियुरप्पा के खिलाफ हैं। मांड्या में कुमारस्वामी और कोलार में जेडीएस उम्मीदवार मल्लेश बाबू और बेंगलूरु देहात में देवेगौड़ा के दामाद भाजपा उम्मीदवार डॉ. सी.एन मंजूनाथ की जीत ने उन लोगों को मजबूर कर दिया है जो आलोचना कर रहे थे कि लोकसभा चुनाव से पहले जेडीएस का अस्तित्व खत्म हो गया। खास तौर पर बेंगलूरु देहात में कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश को भारी अंतर से हराने से कुमारस्वामी की जीत का उत्साह बढ़ गया है। कुमारस्वामी केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री हैं और इस अवसर का उपयोग राज्य में अपनी पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए करने की तैयारी कर रहे हैं। भाजपा नेतृत्व को भी यही चाहिए। उनका अटूट विश्वास है कि कांग्रेस में मजबूत मुख्यमंत्री सिद्धरामैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के प्रभुत्व को हराने के लिए कुमारस्वामी एक महत्वपूर्ण हथियार होंगे।

# पुलिस देर रात दर्शन को घर ले गई और पूछताछ की



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
पुलिस ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में शुक्रवार देर रात दर्शन को आरआरनगर स्थित उनके घर ले गई और हत्या के मामले में उनसे करीब 45 मिनट तक पूछताछ की। पुलिस दर्शन को पुलिस जीप की पिछली सीट पर बैठाकर उनके घर ले गई। पिछले शनिवार की रात, पैटागेरे शेड से घर आने के बाद दर्शन द्वारा खुले कपड़े, इस्तेमाल किए गए सामान, तौलिया, साबुन और नहाने के लिए इस्तेमाल की गई बाल्टी जब्त कर ली गई। इस मामले में, एक छोटा सा गवाह भी पुलिस के लिए एक शक्तिशाली हथियार है। पुलिस छोटे-छोटे साक्ष्य भी जुटा रही है कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने जो बयान दिए हैं, उन्हें कहीं भी सुना जा सके। इस मामले में कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और सभी के बयान में नई-नई बातें सामने आ रही हैं। पुलिस ने आरोपियों के बयान भी दर्ज कर लिए हैं कि वे आने वाले दिनों में जवाब ना बदलें। आरोपी द्वारा दी गई जानकारी भविष्य में अभिनेता दर्शन के लिए मुसीबत बन सकती है।

शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी ने किया तिरूपति का दौरा

### चन्नपटना में विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने तिरुमाला के श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किये। वह शुक्रवार रात परिवार के सदस्यों के साथ तिरूपति गये थे और सुबह सुप्रभात पूजा के दौरान वेंकटेश्वरस्वामी के दर्शन किये। तिरूपति से बेंगलूरु लौटने के बाद उन्होंने विधानसौधा में विधानसभा अध्यक्ष को चन्नापटना विधानसभा क्षेत्र के सदस्य के रूप में अपना त्याग पत्र सौंप दिया। बाद में वह अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र चन्नपटना चले गये।

चूँकि शनिवार को विधायक के रूप में उनका आखिरी दिन था, इसलिए उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र चन्नपटना में पूर्व-निर्धारित कार्यक्रमों में भाग लिया। चन्नपटना पहुंचने पर कुमारस्वामी का



भव्य स्वागत किया गया। वह शनिवार शाम अपने लोकसभा क्षेत्र मांड्या के लिए रवाना हुए। मांड्या स्थित सांसद कार्यालय में पूजा की। जिस तरह शुक्रवार को बेंगलूरु में जेडीएस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी थी, उसी तरह मांड्या में भी बधाई देने की तैयारी कर ली गई है। लोकसभा चुनाव में निर्वाचित होने और केंद्रीय मंत्री बनने के बाद कुमारस्वामी पहली बार मांड्या पहुंचे। ऐसे में जेडीएस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ कुमारस्वामी का स्वागत और अभिनंदन करने की पूरी तैयारी कर ली है। कार्यक्रम में कुमारस्वामी मतदाताओं को उन्हें चुनने के लिए धन्यवाद देंगे। इससे पहले कुमारस्वामी ने कहा कि राज्य के लोगों की समस्या का समाधान होना चाहिए, राजनीति नहीं। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार पहुंचे कुमारस्वामी का सदरहल्ली गेट के पास जेडीएस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया। उन्होंने बधाई स्वीकार करते हुए कहा कि वह कृषि मंत्री के रूप में काम करना चाहते थे, लेकिन उद्योग मंत्री का पद मिला। नरेंद्र मोदी ने दो बड़े विभागों का प्रभार सौंपा है। मैं युवाओं के लिए रोजगार पैदा करूंगा। उन्होंने कहा कि हम सभी विभागों में अपने राज्य की समस्याओं का समाधान खोजने का काम करेंगे। जिन लोगों ने अहंकारपूर्वक कहा था कि जेडीएस की राजनीति खत्म हो रही है, उन्हें जवाब मिल गया है। हालांकि उन्होंने कहा कि मैं राजनीति नहीं बल्कि राज्य की जनता की समस्याओं का समाधान चाहता हूं। हर कोई जानता है कि लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य की राजनीति कैसी रही।

#### नुकसान पहुंचाए बिना फैक्ट्रियों को चलवाएंगे

मैं सब कुछ ठीक करने पर काम करूंगा। उन्होंने कहा कि वह किसानों की खेती को नुकसान पहुंचाए बिना फैक्ट्रियों को चलवाएंगे। मैं चार दिन दिल्ली में काम करूंगा। दो दिनों तक कर्नाटक में रहूंगा। उन्होंने कहा कि वह मांड्या में रहेंगे। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद मैं अपनी कर्मभूमि पर आया हूं। उन्होंने कहा कि वह चुनाव जीतने के लिए भाजपा और जेडीएस कार्यकर्ताओं, खासकर रामनगर और मांड्या जिले के लोगों को बधाई देते हैं। इस अवसर पर जेडीएस कोर कमेटी के अध्यक्ष जीटी देवेगौड़ा, जेडीएस युवा इकाई के अध्यक्ष निखिल कुमारस्वामी, पूर्व विधायक निसर्ग नारायणस्वामी, रमेश गौड़ा, बेंगलूरु ग्रामीण जिला जेडीएस अध्यक्ष बी मुनेगौड़ा और अन्य उपस्थित थे।

## कुमारस्वामी और बोम्मई ने लोकसभा चुनाव जीतने के बाद विधायक पद से दिया इस्तीफा





**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में सांसद चुने गए जेडीएस नेता एच डी कुमारस्वामी और भाजपा नेता बसवराज बोम्मई ने शनिवार को राज्य विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कुमारस्वामी और बोम्मई ने विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर को यहां उनके कार्यालय में अपना इस्तीफा सौंप दिया। जबकि कुमारस्वामी चन्नपटना विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे, बोम्मई शिगगांव सीट से विधायक थे। कुमारस्वामी, जो मांड्या निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए थे, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली कैबिनेट में केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री हैं, जबकि बोम्मई हावेरी लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। अब जब ये दोनों विधानसभा सीटें खाली हो गई हैं, तो चुनाव आयोग को इन क्षेत्रों में उपचुनाव की घोषणा करनी होगी।

## सेमीकंडक्टर उद्योग की रणनीतिक अहमियत बयान के गलत अर्थ निकले: कुमारस्वामी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्रीय भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी सेमीकंडक्टर फर्म माइक्रोन के बारे में उनकी कथित टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। 11 जून को केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री के रूप में एचडी कुमारस्वामी ने कार्यभार संभाला। उन्हें इस्पात मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया। उन्होंने अपने मंच पर लिखा, केंद्रीय इस्पात मंत्री के रूप में पदभार संभालने के बाद पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए। यह मेरे गृह राज्य कर्नाटक से संबंधित है। कुमारस्वामी ने देवदरी लौह अयस्क खदान के संचालन के लिए केआईओसीएल लिमिटेड की पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए। इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा मौजूद रहे। इससे पहले उन्होंने लोकसभा चुनावों में मांड्या से सांसद चुने जाने के बाद विधायक के रूप में अपना इस्तीफा सौंपा। हाल ही में कुमारस्वामी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि दरअसल सेमीकंडक्टर एक प्रकार का उद्योग है। यह इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल विनिर्माण के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है। दोनों क्षेत्र बहुत सारे रोजगार पैदा करते हैं। मैं पीएओ कार्यालय की कंडक्टर संबंधी पहल की सराहना करता हूं, अपने मंत्रालय के माध्यम से उन्हें पूरा करने की दिशा में काम करूंगा। 14 जून को प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गुजरात में यूएस आधारित माइक्रोन टेक्नोलॉजी द्वारा 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सेमीकंडक्टर इकाई जैसे निवेश की आवश्यकता पर सवाला उठाया है। इससे प्रति नौकरी 3.2 करोड़ रुपये की सब्सिडी मिल सकती है। हम इस पर विचार कर रहे हैं और इस पर काम कर रहे हैं। कुमारस्वामी ने कहा कि मुझे गलत तरीके से पेश किया गया है। मैंने किसी राज्य का उल्लेख नहीं किया है। मेरे बयान को इस तरह क्यों उठाया गया? मुझे भविष्य में बहुत सावधान रहना होगा। बता दें कि शुक्रवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा लोकसभा चुनावों में राज्य में जीत हासिल करने के बाद अपने पहले बड़े सार्वजनिक कार्यक्रम को चिन्हित करने के लिए एक विशाल रोड शो किया।

# देवेगौड़ा परिवार के बाद येदियुरप्पा को निशाना बना रही कांग्रेस सरकार: कुमारस्वामी

### राज्यपाल से की भेंट

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने एच डी देवेगौड़ा परिवार के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के बाद बीएस येदियुरप्पा परिवार को निशाना बनाने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की। राज्य के राज्यपाल थावर चंद गहलोत से मुलाकात करने वाले जेडीएस नेता ने येदियुरप्पा के खिलाफ कथित छेड़छाड़ की शिकायत को आगे बढ़ाने के लिए सिद्धरामैया सरकार पर हमला किया और इस कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। पार्टी कार्यालय में जेडीएस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार 82 वर्षीय लिंगायत नेता की गिरफ्तारी की साजिश कर रही है और उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रही है, जो विफल होने के लिए बाध्य थी। कुमारस्वामी ने कहा कि कांग्रेस सरकार उनके केंद्रीय मंत्री बनने से ईर्ष्या कर रही है



और येदियुरप्पा के खिलाफ पॉस्को मामले में सरकार की कार्रवाई 'बहुत संदिग्ध' है। जेडीएस नेता ने चार महीने पुरानी शिकायत को फिर से शुरू करने पर सवाल उठाया और यह भी आरोप लगाया कि सिद्धरामैया सरकार मेरे जीवन में कुछ भी संदिग्ध खोजने के लिए बेताब है। उन्होंने कहा, उन्हें जो करना है करने दें, मेरा लक्ष्य और उद्देश्य केवल राज्य और उसके विकास के लिए काम करना है। कुमारस्वामी ने कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन के खिलाफ हत्या के मामले में पुलिस स्टेशन के सामने शामियाना लगाने की पुलिस कार्रवाई पर भी सवाल उठाया और कहा कि ऐसा कदम अनसुना है। सीधे नाम लिए बिना उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार पर हमला बोलते हुए कुमारस्वामी ने दावा किया कि मेरे केंद्रीय मंत्री बनने के बाद कुछ नेता सो नहीं पा रहे हैं। उन्हें खाना भी हजम नहीं हो रहा है। कांग्रेस के कुछ नेता राज्य की 28 लोकसभा सीटों में से आठ जीतने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने सीटें जीतने के लिए हासन में पेन ड्राइव बांटी थीं। पेन ड्राइव में यौन उत्पीड़न के स्पष्ट दृश्य होने के बाद भी ऑडियो पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उपमुख्यमंत्री को सी.डी. शिवू बताते हुए जेडीएस नेता ने उन्हें याद दिलाया, मैं अब केंद्रीय मंत्री बन गया हूं। लेकिन मैं राजनीतिक प्रतिशोध में विश्वास नहीं करता, क्योंकि यह मेरे स्वभाव में नहीं है। मंत्री ने घोषणा की कि वे राज्य के हितों को कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने कहा आप किसी भी मंत्रालय से संबंधित काम के लिए मेरे पास आ सकते हैं। मैं मदद करने और काम करने की कोशिश करूंगा। मुझे शांत होने के लिए कुछ समय चाहिए। उन्होंने कहा राजनीति में किसी को भी नष्ट नहीं किया जा सकता। पड़ोसी आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू ने कितनी सीटें जीतीं? फिर भी उनके विधायकों ने उनका साथ छोड़ दिया और उन्हें जेल भेज दिया गया। वह भारी बहुमत के साथ वापस आए हैं। उन्होंने भविष्यवाणी की कि कर्नाटक में भी ऐसा ही होगा। जेडीएस नेता ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को इस बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है कि केंद्रीय मंत्री बनने के बाद वह उनके लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

### चन्नपटना उपचुनाव की घोषणा के बाद, उम्मीदवार का चयन

उन्होंने वादा किया आप किसी भी काम के लिए मेरे पास आ सकते हैं और मैं वह काम करूंगा। कुमारस्वामी का हवाई अड्डे पर जेडीएस और भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया और सदाहल्ली टोल गेट पर सेब और फूलों की माला पहनाकर उनका सम्मान किया। जेडीएस के राज्य युवा मोर्चा के नेता निखिल कुमारस्वामी ने कहा कि उनके पिता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी है और वह देश को गौरवान्वित करेंगे।

इसी बीच कुमारस्वामी ने कहा कि चन्नपटना विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव की घोषणा के बाद वे उम्मीदवारों के चयन पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि उपचुनाव की घोषणा की जानी चाहिए। इसके बाद उम्मीदवार चयन के बारे में बात करते हैं।

# भाजपा प्रदेश एसटी मोर्चा के नेताओं की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा




### प्रदेश अध्यक्ष ने की बैठक की अध्यक्षता

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के नेतृत्व में शनिवार को भाजपा प्रदेश एसटी मोर्चा के नेताओं की बैठक हुई। बैठक में पूर्व मंत्री बी. श्रीरामुलु, जनार्दन रेड्डी, एसटी मोर्चा के अध्यक्ष बंगारू हनुमंथु, राज्य महासचिव पी. राजीव, प्रीतम गौड़ा, विधान परिषद सदस्य एन. रविकुमार, हेमलता नायक और महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा पर एक नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न मामले में



कोर्ट के फैसले पर बीवाई विजयेंद्र ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि न्याय के मंदिर में सच्चाई की जीत होगी। अदालत ने येदियुरप्पा को सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने का निर्देश दिया है। विजयेंद्र ने कहा कर्नाटक के लोगों की आशीर्वाद रंग लाई। राजनीतिक साजिशें हमेशा येदियुरप्पा का पीछा करती रही हैं। बिना हिम्मत हारे, न्याय के रास्ते पर चलकर जीस हासिल करेंगे। उन्होंने कहा येदियुरप्पा जांच से मुंह मोड़ने वालों में से नहीं हैं। यह हमारा विश्वास है कि आने वाले दिनों में न्याय के मंदिर में सत्य की जीत होगी। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा जिस तरह से यह मामला सामने आया, यह हमारे नेता के खिलाफ षड़यंत्र है। कोर्ट ने उन्हें क्लीन चिट दे दी है। सभी आरोप झूठे हैं, यह बात अदालत में साबित हो चुकी है। वे न केवल राजनीतिक मैदान में बल्कि न्यायिक मैदान के भी योद्धा हैं।

***बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।*** *राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने शनिवार को कहा कि अभिनेता दर्शन के खिलाफ मर्डर केस में मुझसे मिलने कोई नहीं आया। कोई प्रभावित भाजपाई झूठे आरोप लगा रहे है। हम इस देश के कानून के अनुसार व्यवहार करेंगे। कानूनी जांच जिस तरह से होनी चाहिए वैसे ही चलती है, और कुछ नहीं किया जाता है। थाने के आसपास शामियाना के फैसले के पीछे का उद्देश्य मुझे भी नहीं पता। पुलिस ने मुझे सूचित किया और फैसला नहीं किया है। सरकार आम जनता के लिए काम कर रही है। हम आम लोगों की तरह सुनते हैं।*



### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि का मामला

## सूखे जैसी कठिनाइयों के दौरान राज्य के लोगों पर बोझ डालना एक अक्षम्य अपराध : विजयेन्द्र

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** गारंटी पूरी न कर पाने की दुविधा में फंसी राज्य की कांग्रेस सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 3 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में 3.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी। जिसका भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बी.वाई. विजयेंद्र ने विरोध किया। यहां मल्लेश्वरम में भाजपा प्रदेश कार्यालय, जगन्नाथ भवन में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सूखे जैसी कठिनाइयों के दौरान राज्य के लोगों पर बोझ डालना एक अक्षम्य अपराध है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोतरी वापस ली जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगले सोमवार को भाजपा जिला केंद्रों पर धरना-प्रदर्शन और संघर्ष करेगी।

एक तरफ हार की निराशा है तो दूसरी तरफ राज्य की वित्तीय स्थिति पूरी तरह से खराब हो गयी है। एक पक्ष का कहना है कि आर्थिक स्थिति मजबूत है। वहीं दूसरी ओर पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ा दी गयी है, जिससे पता चलता है कि आर्थिक स्थिति खराब हो गयी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार खराब स्थिति में है जहां वह अधिकारियों और कर्मचारियों को वेतन नहीं दे सकती है और परिणामस्वरूप उन्होंने पेट्रोल और डीजल की कीमत में वृद्धि की है।

कांग्रेस पार्टी इस सोच में थी कि वह एमपी की 18-20 सीटें गारंटी के साथ जीत लेगी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने देश और प्रदेश में अपनी पकड़ खो दी है। ये गुस्सा राज्य की जनता पर दिख रहा है। स्टांप ड्यूटी पहले भी बढ़ाई गई थी। हमने विधानसभा के अंदर और बाहर इस पर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि बिजली दर भी बढ़ा दी गई है। हम अपने कार्यकर्ताओं के प्रति इस कांग्रेस सरकार के उत्पीड़न और क्रूरता का बहादुरी से सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि हम हर जिले, तालुक और मंडल स्तर पर अपनी कानूनी ताकत को मजबूत करने जा रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी की हालत खस्ता है। लोकसभा चुनाव में राज्य को मिली करारी हार के फलस्वरूप विभिन्न जिलों में हमारे कार्यकर्ताओं पर हमले किये जा रहे हैं और उन पर अत्याचार किया जा रहा है। बिना कारण एफआईआर, पुलिस द्वारा उत्पीड़न दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। कार्यकर्ताओं को साहस देने के लिए कानूनी पैनल को मजबूत करने के लिए वकील मित्रों की बैठक की गयी है। उन्होंने कहा कि किसी के दुस्साहस का सवाल ही नहीं उठता।

# नीट के अभ्यर्थियों ने किया जमकर बवाल, पुलिस ने किया लाठी चार्ज

पटना एजेंसियां)।
पटना में नीट अभ्यर्थियों ने परीक्षा में कथित धांधली का विरोध करते हुए सड़कों पर जमकर बवाल किया। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठी चार्ज भी किये, जिसमें कई अभ्यर्थी घायल हो गये।

इस संबंध में छात्र नेता सौरव कुमार ने कहा कि इस मामले में पूरी तरह से केंद्र और राज्य सरकार फेल्योर है। बड़ी-बड़ी एजेंसी बिना बड़े-बड़े सरगनाओ के सेटिंग गेटिंग के साथ नहीं जाती है तो किसी भी हालत में पेपर लीक नहीं होगा। छात्र नेता सौरव कुमार ने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि सरकार में अगर हिम्मत है तो इस पर तुरंत कार्रवाई करें ताकि पेपर लीक करने की कोई हिम्मत ना कर सके। लेकिन स्थितियां है कि अभी पेपर लीक होता है और फिर बयानबाजी आ



जाती है। कोई परीक्षा बाकी नहीं है। देश के इतिहास को इन लोगों ने शर्मसार कर दिया है।

छात्र नेता सौरव कुमार ने सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के सबूत पटना की आर्थिक अपराध इकाई और पटना पुलिस प्रशासन के बयान इस बात को साबित करते हैं कि एक दिन पहले लोग यहां पर पहुंच गए थे। उनको प्रश्न पत्र रटवाए गए थे। इसके बाद भी अगर शिक्षा मंत्री ऐसा बयान दे रहे हैं तो यह इस बात को साबित करता है कि यह सरकार सिर्फ सरकार बनाने में लगी है। छात्र और और अभ्यर्थी के बारे में कोई फैसला नहीं ले सकती है।

छात्र नेता सौरव कुमार ने पीएम नरेन्द्र मोदी से गुहार लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी आपसे हाथ जोड़कर निवेदन करते हैं कि तीसरी बार गारंटी के साथ आपको हम सत्ता पर बैठाये हैं। आप युवाओं पर ध्यान दीजिए, छोटे भाई बहनों पर ध्यान दीजिए। अगर आप हमलोगों के लिए कुछ नहीं करना चाहते हैं तो आप भी हाथ खड़ा कर दीजिए। हम लोग समझ लेंगे कि अब कोई भी सरकार से कोई भी भरोसा नहीं है।

हम लोग पेपर देंगे और यह मन कर चलेंगे कि इसका भी पेपर लीक होगा, हम लोग चिल्लाते रहेंगे, पेपर रद्द नहीं होगा। निश्चित रूप से सारी एजेंसी शिक्षा माफियाओं के हाथ में चली गई है। हम लोग सरकार से आग्रह करते हैं कि पेपर लीक हुआ है रद कीजिए, हम लोग की बस यही अंतिम मांग है।

छात्र नेता सौरव कुमार ने कहा कि आज पुतला दहन हुआ है, इसके बाद पूरे राज्य में राज्यव्यापी आंदोलन होगा। जिस अभ्यर्थी भाई बहन के साथ अन्याय हुआ है उनके साथ अन्याय होने नहीं देंगे। हम लोग धरना पर बैठने के लिए तैयार हैं। जिस तरह से पेपर लीक हुआ है उसके लिए हम सीबीआई जांच की मांग करते हैं।

# छिनैती-चोरी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

### अंधेरे में राहगीर को बनाते थे निशाना

मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।
बिहार के मुजफ्फरपुर की सिकंदरपुर थाना पुलिस ने देर रात को राहगीर से चोरी और छिनैती करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। इस दौरान उसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि चोरी कर भागने के दौरान आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। एएसपी टाउन भानु प्रताप सिंह ने यह जानकारी दी।

जानकारी के मुताबिक, देर रात और आधी रात को पुलिस गश्त की कमी का फायदा उठाकर चोरी और छिनैती के घटना पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस की रात्रि स्पेशल टीम ने गश्ती के दौरान एक शख्स को पकड़ा है। आरोपी के पास से चोरी के दो फोन और चोरी की एक साइकिल बरामद की गई है। बताया जा रहा



है कि देर रात और आधी रात को किसी काम से घर से निकलने वाले लोगों को यह गिरोह अंधेरे में निशाना बनाता था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की स्पेशल टीम ने ड्राइव के दौरान एक आरोपी को पकड़ा है।

आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वह और उसका गिरोह आधी रात को अंधेरे में निकलकर आम लोग और राहगीर को निशाना बनाते हैं और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग जाते थे। इसी मामले में स्पेशल टीम ने कार्रवाई कर सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही निवासी एक आरोपी दीप कुमार को पकड़ा है। उसके पास से राहगीरों से चोरी के मोबाइल फोन और साइकिल जब्त की है।

मामले में एएसपी टाउन भानु प्रताप सिंह ने बताया कि रात्रि की घटनाओं जिनमें चोरी और छिनैती मुख्य रूप में शामिल हैं। इसको रोकने की दशा में सक्रिय पुलिसिंग शुरू की गई है।

इसी दौरान सिकंदरपुर इलाके में एसएचओ सिकंदरपुर देवव्रत कुमार की जांच के दौरान रात के अंधेरे में आम आदमी को निशाने बनाने वाले सक्रिय गिरोह के एक सदस्य को रंगे हाथों पकड़ा गया है।

पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पूर्व से चोरी के मामले दर्ज रहे हैं। अब आगे उसे जेल भेजे जाने की कवायद की जा रही है।

# सीमांचल और बंगाल में थी विदेशी सोना खपाने की तैयारी, 1.13 करोड़ का गोल्ड बरामद

पटना (एजेंसियां)।
सीमांचल और बंगाल में खपाए जाने वाले सोना को बीएसएफ और डीआरआई की टीम ने बरामद किया। बाजार में इसकी कीमत एक करोड़ 13 लाख रुपये है। यह कार्रवाई उत्तर बंगाल फ्रंटियर के किशनगंज सेक्टर अंतर्गत इस्लामपुर बस स्टैंड के पास की गई। टीम ने स्कूलपारा निवासी भीम सुभाष विभुते के घर और उसकी दुकान पर छापेमारी की।

इस दौरान विदेशी मूल के सोने की 8 बिस्कुट (वजन 932.800 ग्राम) मिले। इसकी कीमत 67,25,488 रुपये है। इसके बाद 22 लाख 66300 रुपये कैश, कई कीमती सामान और चार मोबाइल फोन बरामद किया।

बीएसएफ के अनुसार, बस स्ट्रैंड के बाद एक दुकान से सोने की बिस्कुट व 569.900 ग्राम सोने के टुकड़े बरामद हुए। वहीं घर से सोने की आठ बिस्कुल और चार मोबाइल जब्त किए गए।

इनकी कीमत एक करोड़ 13 लाख है। वहीं इस मामले में सूरज शिवाजी पवार नाम के युवक को भी गिरफ्तार किया गया है। एसपी सागर कुमार के अनुसार, सोना तस्करी के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। सोना तस्करों की तलाश में छापेमारी चल रही है। वहीं बीएसएफ के जवान भी भारत-बांग्लादेश सीमा पर मुस्तैदी से तैनात हैं।

बता दें कि सीमांचल के किशनगंज और बंगाल के इस्लामपुर, पांजीपारा, दालकोला, रायगंज समेत आसपास के इलाकों में तस्करों द्वारा विदेशी मूल का सोना खपया जाता है। इतना ही नहीं मवेशी तस्करी की आड़ में सोना बांग्लादेश से भेजा जाता है। सोना व्यापारी कुरियर के जरिए पेमेंट करते हैं।

# कार में जलने से महिला की मौत

### पति के साथ अयोध्या से पूजा कर लौट रही थी

पटना (एजेंसियां)।
सारण के तरैया इलाके में एक महिला की मौत हो गई। वह कार में बैठी थी। अचानक गाड़ी में आग लग गई। जब तक महिला बाहर निकल पाती तब तक पूरे कार में आग फैल गई। पूरी तरह झुलसने से महिला की मौत हो गई। वह अपने पति के साथ अयोध्या से प्रभुश्रीराम का दर्शन कर लौट रही थी। तरैया थाना क्षेत्र के एसएच 73 बगही गांव के पास अचानक कार में आग लग गई। आननफानन में महिला के पति



किसी तरह वाहन से बाहर निकल गया। वह अपनी पत्नी को निकालने की कोशिश कर ही रहा था कि पूरे कार में आग फैल गई। इसकी चपेट में वह भी आ गया। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग जब तक मदद के लिए पहुंचे तब तक कार पूरी तरह जलकर चुकी थी। मृत महिला की पहचान सारण जिला के अवतार नगर थाना क्षेत्र पकवालिया गोराई पुर गांव निवासी दीपक कुमार राय की पत्नी सोनी देवी (30) के रूप में हुई। इस घटना के संबंध में तरैया थाने की पुलिस ने बताया कि स्थानीय थाना क्षेत्र के बगही गांव के समीप वाहन में आग लगने से एक दंपती घायल हो गए थे। इसमें घटना स्थल पर पत्नी की मौत हो गई है। जबकि पति बुरी तरह से जख्मी हो गया है। जिसका इलाज स्थानीय निजी अस्पताल में चल रहा है।

पति दीपक कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ राम लला का दर्शन करने अयोध्या के लिए गया था। जहां शुक्रवार को भगवान का दर्शन कर शाम में अपने घर के लिए निकला था। उस समय तक तो सब कुछ सामान्य था। लेकिन, सुबह के लगभग चार बजे जैसे ही पानापुर से तरैया की ओर गाड़ी बढ़ी तो अचानक गाड़ी गर्म होकर धुंआ निकलने लगा और देखते ही देखते आग लग गई। जिस समय आग लगी उस समय सोनी देवी गाड़ी के पीछे वाली सीट पर सोई हुई थी। दीपक ने बताया कि सेंट्रल लॉक होने के कारण कार का गेट नहीं खुल पाया। इसके बाद मैं किसी तरह शीशा तोड़कर बाहर निकला। लेकिन, आग इतनी भयावह थी कि पत्नी को बचाने में नाकामयाब रहा।

# आठ जिलों में लू और नौ में जानलेवा हीट वेव का अलर्ट

पटना (एजेंसियां)।
बिहार के दक्षिण पश्चिम भाग के कुछ स्थानों पर लू के साथ उष्ण लहर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य भाग के एक दो स्थानों पर गर्म दिन रहने की संभावना के साथ यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का मानना है कि अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में विशेष कोई परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, उसके बाद अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस कमी होने के आसार हैं। मौसम विभाग में अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार जिला के कुछ स्थानों पर अगले कुछ घंटे के दौरान मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश के आसार हैं। जिसमें हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की होने की बात बताई जा रही है।

पिछले 24 घंटे के दौरान जिन जिला में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किए गए, उस जिला का नाम इस प्रकार है। पटना 42.8, गया 45.3, छपरा 42.6, डेहरी 45.6,शेखपुरा 42.4, गोपालगंज 41.5, जमुई 41.6, बक्सर 45.9, भोजपुर 45.2, वैशाली 43.5, औरंगाबाद 45.4, नवादा 43.6,



राजगीर 44.6, जीरादेई 40.0, अरवल 45.1,बिक्रमगंज 44.5 और मुंगेर 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए। जबकि भागलपुर 37.2,पूर्णिया 32.4, मुजफ्फरपुर 36. 0, बाल्मीकि नगर 38.6, दरभंगा 35.2 ,सुपौल 32.6, फारबिसगंज 34.2, मधुबनी 34.2, मोतिहारी 36.0, बेगूसराय 37.2 ,बांका 38.6, कटिहार 32.4, अररिया 30.5, पूसा 36.4 और किशनगंज 28.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए। राज्य के बक्सर एवं भोजपुर में अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए।

पिछले 24 घंटे के दौरान किशनगंज जिले की एक या दो स्थानो में भारी वर्षा एवं अररिया जिले में हल्की से मध्यम स्तर की बरसात दर्ज की गयी। शेष जिलों का मौसम शुष्क बना रहा। भीषण उष्ण लहर गया, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, औरंगाबाद, नवादा, राजगीर, सीवान, एवं अरवल में जबकि उष्ण लहर पटना, सारण, डेहरी, मोतिहारी, शेखपुरा,गोपालगंज, बिक्रमगंज एवं मुंगेर में दर्ज किया गया। इन इलाकों में आज भी भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया गया है। बिहार के सर्वाधिक अधिकतम तापमान 47.2 डिग्री से बक्सर में एवं सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस किशनगंज में दर्ज किया गया। आज के मौसम विश्लेषण के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा में कोई परिवर्तन नहीं हुई है, लेकिन अगले चार से पांच दिनों के दौरान बिहार के कुछ भाग विशेष कर उत्तर पूर्व बिहार में आगे संभावना है। अगले 24 घंटो के दौरान प्रदेश के दक्षिण पश्चिम भाग मे भीषण उष्ण लहर दक्षिण मध्य भाग में भीषण उष्ण जबकि उत्तर पश्चिम एवं दक्षिण पूर्व भागों में उष्ण एवं आर्द्र दिवस होने का पूर्वानुमान है। प्रदेश के उत्तर भाग के जिलो मे मेघगर्जन के साथ हल्कों से मध्यम स्तर की वर्षा की भी संभावना है। अगले 24 घंटो के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन के आसार नहीं हैं। तत्पश्चात अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक कमी का पूर्वानुमान है।

### सीतामढ़ी में सरकारी अस्पताल राम भरोसे!

# गर्भवती मरीजों को भी नहीं मिल रहा इलाज, डॉक्टर-नर्स सब सोते मिले

सीतामढ़ी (एजेंसियां)।
बिहार के सीतामढ़ी जिला मुख्यालय के डुमरा पीएचसी के हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। जबकि पिछले छह दिनों में दो बार वरीय अधिकारियों द्वारा इसका निरीक्षण भी किया गया है। इसके बावजूद यहां के हालात जस के तस हैं।

खास बात तो यह है कि यह पीएचसी डीएम आवास के ठीक सामने है। फिर भी यहां के कर्मियों को बड़े अधिकारियों का बिल्कुल भी खौफ नहीं है।

दरअसल, यहां डिलीवरी के लिए आई गर्भवती मरीज की शिकायत पर बीती रात अमर उजाला की टीम पहुंची तो सारी व्यवस्था का खुलासा हुआ।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की रात मिश्रौलिया



निवासी जय नारायण महतो अपनी पत्नी को लेकर करीब एक बजे पीएचसी पहुंचे। जहां उन्हें चिकित्सक नहीं मिले। मरीज की स्थित गंभीर थी, वहां एंबुलेंस चालक को भी खोजा गया। एंबुलेंस लगी हुई थी, लेकिन ड्राइवर नदारद थे। वहीं, करीब दो बजे अमर उजाला की टीम पहुंची तो हालात कुछ वैसे ही थे। यहां तक की सुरक्षा कर्मी भी तैनात नहीं थे। चिकित्सक रूम में चिकित्सक सोए हुए थे। उठाने पर नहीं उठे। सभी महिला कर्मी भी सोई हुईं थी। वहीं, इमरजेंसी रूम में पंखा चल रहा था, लेकिन कोई कर्मी मौजूद नहीं था।

उसी वक्त एक और डिलीवरी पेसेंट डुमरा के भवप्रसाद गांव से पहुंचे थे। भवप्रसाद से पहुंचे मुकेश राय अपनी पत्नी को ई-रिक्शा से लेकर भर्ती कराने आए थे। हालांकि, वह अपने गांव की आशा वर्कर को लेकर आए थे, जिसने एएनएम को जगाया और प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेड दे दिया। उसके बाद फिर जाकर सो गई।

इस संबंध में पूछे जाने पर सिविल सर्जन के झा ने बताया कि दो दिन पूर्व ही निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान नदारद पाए गए कर्मियों का वेतन भी बंद कर दिया गया है। वहीं, स्पष्टीकरण भी पूछा गया है। बीती रात अगर ऐसा मामला सामने आया है तो मरीज के लिखित शिकायती आवेदन पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन लिखवाने के लिए नववधू को पीट-पीट कर मार डाला, 48 दिन पहले हुई थी शादी

दरभंगा (एजेंसियां)।
समस्तीपुर में लगभग सवा महीना पूर्व ब्याह कर घर लाई गई नव विवाहिता को ससुराल वालों ने पीट-पीट कर मार डाला। मामला विद्यापति नगर थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव की है। मृतका की पहचान रोहित शाह की पत्नी संजू कुमारी (20) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही विद्यापति नगर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में संजू के आरोपी पति रोहित और उनके ससुर विजय शाह को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में संजू के पिता उजियारपुर थाना क्षेत्र के परोरिया गांव निवासी रतन साह ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री संजू की शादी एक महीना 18 दिन पहले बाजितपुर गांव निवासी






विजय शाह के पुत्र रोहित कुमार के साथ किया था। बेटी विदा होकर ससुराल गई उसके अगले सप्ताह से ही उसके पति, ससुर और ससुराल के अन्य सदस्य उसे तरह-तरह से प्रताड़ित करने लगे। उसके पति का कहना था कि तुम्हारा कोई भाई नहीं है इसलिए अपने पिता को बोलो कि उनके पास जो भी जमीन और घर है वह उसके नाम लिख दे। पीड़िता ने अपनी मां से फोन कर सारी बात की जानकारी दी। संजू के परिवार वालों का कहना था कि चूंकि शादी -नई हुई है, इसलिए वेलोग पंचायत और बैठक कर मामले को निबटा लेना चाहते थे। लेकिन इसी दौरान उनलोगों ने संजू की हत्या कर दी।

विवाहिता के पिता रतन साह ने बताया कि रात करीब 1:30 बजे बाजितपुर गांव के जानने वाले एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उनकी पुत्री की उनके ससुराल वालों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी है। इस बात की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग विद्यापति नगर थाना पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस संजू के ससुराल पहुंची और गेट खुलवाया। गेट खुलने पर उन्होंने देखा कि संजू की लाश बिस्तर पर पड़ी हुई है। इसके बाद पुलिस ने उनकी पुत्री के शव को जप्त कर लिया और आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया।

घटना के संबंध में विद्यापति नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित परिवार ने दहेज के लिए विवाहिता की पीट-पीट कर हत्या का आरोप लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्प-ताल भेज दिया गया है। इस मामले में प्राथमिक की दर्ज की जा रही है। विवाहिता के पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com